तेरा दर तो हकीकत में दुखियों का सहारा है

तेरा दर तो हकीकत में दुखियों का सहारा है,
सच कहता हूँ माँ मेरी तेरे दर से गुजारा है ।

बिगड़ी हुई तकदीरें बन जाती है एक पल में,
जिस वक़्त मुसीबत में भक्तों ने पुकारा है ।
तेरा दर तो हकीकत में...

तेरे दर को छोड़ मईया जाएं तो कहाँ जाएं,
सच कहता हूँ दर तेरा जन्नत का नज़ारा है ।
तेरा दर तो हकीकत में...

दौड़े चले आते हैं, दुःख दर्द के मारे यहाँ,
सुख चैन वही पाते हैं, जिन पे तेरा इशारा है ।
तेरा दर तो हकीकत में...

राजू को दुनियां में, सब पागल कहते हैं,
मेरा मुझमे तो कुछ भी नहीं,ये सब कुछ तो तुम्हारा है ।
तेरा दर तो हकीकत में...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/987/title/tera-dar-to-hakikat-me-dukhiyon-kaa-sahara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |